प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

18.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश में 40 वर्ष पूरे कर चुकी जल विद्युल परियोजनाओं को राज्य को सौंपने का केन्द्र से आग्रह किया है। दिल्ली दौरे के बाद आज कांगड़ा जिला के पालमपुर में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा कि शानन जल विद्युत परियोजना की लीज अवधि समाप्त हो गई है लेकिन अभी तक ये प्रोजैक्ट हिमाचल को वापिस नहीं किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अभी तक प्राकृतिक आपदा के बाद पुर्नवास कार्य चल रहे हैं और सभी सड़कें बहाल होने पर ही पंचायत चुनाव हो पाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य चुनाव आयोग द्वारा लगाए गए मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट का भी कानूनी अध्ययन किया जा रहा है।

सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि वे प्रदेश को वर्ष 2032 तक सबसे समृद्ध राज्य बनाने के लिए प्रयासरत हैं।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने प्रदेशवासियों से नशे के खात्मे के लिए सामूहिक सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया है। वे आज शिमला में नशा मुक्त भारत अभियान के 5 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने नशे के विरूद्ध राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर किए जा रहे विभिन्न प्रयासों को नशा मुक्त समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण बताया। शांडिल ने कहा कि राज्य सरकार ने नशे के खात्मे के लिए चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान शुरू किया है जिसमें समाज के हर वर्ग की भागीदारी ज़रूरी है। इस अवसर पर वृद्धजनों और स्कूली छात्रों के बीच संवाद व विचार–विमर्श सत्र का आयोजन भी किया गया। नशा मुक्त भारत अभियान पिछले 5 वर्षों से देश के सभी राज्यों में सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश में पिछले तीन वर्षों में आई प्राकृतिक आपदाओं के बाद राहत व पुर्नवास कार्यों में देरी करने का राज्य सरकार पर आरोप लगाया है। आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सरकार आपदा प्रभावितों की समस्याओं का समाधान करने के बजाए राजनीतिक कार्यक्रमों और उत्सवों में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 से 2025 के बीच आपदा में हजारों परिवार प्रभावित हुए हैं और कई स्थानों पर बुनियादी सेवाएं अभी तक बहाल नहीं हो पाई हैं।

धर्माणी

नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि प्रदेश सरकार चिट्टा नशे के सम्पर्ण उन्मूलन के लिए सख्त कार्रवाई कर रही है। वे आज बिलासपुर ज़िला के कदरौर में डेरी–का–फार्म द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि बोल रहे थे। धर्माणी ने कहा कि सरकार ने पीआईटी, एनडीपीएस एक्ट में संशोधन किया है जिसके तहत चिट्टे के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों को बिना अदालत की अनुमति के तीन माह तक जेल में रख सकती है। उन्होंने बताया कि अब तक चिट्टे के कारोबार में संलिप्त 60 से अधिक कर्मचारियों के विरूद्ध भी सख्त कार्रवाई शुरू की जा चुकी है। नशे के उन्मूलन के लिए करवाई गई मैराथन प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया।

चंद्र कुमार

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने आज सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के तहत कांगड़ा ज़िला के नगरोटा–सुरियां पंचायत में लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों को हर शिकायत का गंभीरता से संज्ञान लेने और जनता को समयबद्ध समाधान उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

सुरेश कश्यप

लोकसभा सांसद सुरेश कश्यप ने कहा है कि भारत विकसित और मजबूत राष्ट्र बनकर दुनिया के सामने खड़ा है। शिमला ज़िला के जुब्बल–कोटखाई, छैला और ठियोग में लोह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य पर आयोजित पद यात्रा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बात कही।

———————————————